# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक: 15.06.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में आज साइप्रस पहुंचे–श्री मोदी ने कहा–उनकी यात्रा दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करेगी।**
- **प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान के तहत आज विभिन्न जिलों में हुई समीक्षा बैठकें–प्रदेशभर में श्रमदान कार्यक्रम।**
- **सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मिले जन समर्थन, प्रशंसा और आभार के लिए देशवासियों को धन्यवाद दिया।**
- **राज्य में मॉनसून पूर्व वर्षा से लोगों को तेज गर्मी और लू से राहत मिली–20 जून से बारिश की गतिविधियों में बढोतरी की उम्मीद।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में आज साइप्रस पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। श्री मोदी वहां दो दिन रहेंगे। पिछले दो दशक में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली साइप्रस यात्रा है। तीन देशों, साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि यह यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने और व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों का विस्तार करने तथा लोगों के बीच आदान–प्रदान को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि, उनकी यात्रा से सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को इन देशों के पुरजोर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि यात्रा के दूसरे चरण में श्री मोदी कनाडा पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री वहां जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। श्री मोदी 18 जून को श्री मोदी क्रोएशिया जाएंगे।

000

प्रदेश में चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान की प्रगति को लेकर आज विभिन्न जिलों में समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने उदयपुर में अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर डॉ. बैरवा ने कहा कि वंदे गंगा अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। राजस्व तथा उपनिवेश विभाग के मंत्री हेमंत मीणा ने प्रतापगढ जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान और बजट घोषणाओं को लेकर समीक्षात्मक चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से जल स्त्रोतों की मरम्मत समय पर करवाने और जलाशयों में जमी गाद को हटाने को कहा। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने लूणी के सरेचा में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने लोगों से परम्परागत जल स्त्रोतों को सहेज कर रखने का आह्वान किया। डूंगरपुर में प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने अधिकारियों की बैठक ली। बालोतरा में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी को मिलकर परम्परागत जल स्त्रोतों का संरक्षण करना चाहिए।

..............

इस बीच, प्रदेशभर में आज भी अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित की गईं। जयपुर में सांसद मंजू शर्मा के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामगढ बांध पर श्रमदान कर मिट्टी निकाली। कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने झुंझुनूं के नवलगढ़ में अभियान में शामिल होकर जल स्त्रोतों का पूजन किया। इस अवसर पर श्री गहलोत ने कहा कि ये अभियान जन आंदोलन बन चुका है।

...............

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने भरतपुर में जल संरक्षण कार्यों का अवलोकन किया और अधिकारियों को आगामी वर्षा काल में अधिक से अधिक पौधारोपण करने के निर्देश दिये। डीग में जलाशयों की साफ–सफाई की गई और ब्रजकामद सुरभि वन गौशाला में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कोटपूतली–बहरोड़ में विद्यार्थियों ने रैली निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया। झुंझुनूं के जिला स्टेडियम में खिलाड़ियों ने जल संरक्षण की शपथ ली।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा की कार्य योजना के संबंध में बैठक ली। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित इस बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार गरीब, किसान, युवा और महिला उत्थान के लिए समर्पित है। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

000

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने राजसमंद में मार्बल व्यवसायियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के मार्बल को जीआई टैग मिले इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। श्री राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के बीते 11 सालों में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम किया गया है। इससे पहले उद्योग मंत्री ने नाथद्वारा के श्रीनाथ जी मंदिर में दर्शन किये और भाजपा नेताओं से मुलाकात की।

000

सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मिले जन समर्थन, प्रशंसा और आभार के लिए देश के नागरिकों का धन्यवाद किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में सेना ने कहा कि उसे नागरिकों की ओर से हृदय को छूने वाले प्रशंसा भरे पत्र मिले हैं। इन पत्रों में नागरिकों ने अपना गर्व, जीवंतता और देशभक्ति की भावना व्यक्त की है। इससे सेना को निरंतर प्रेरणा मिलेगी। सेना ने आश्वासन दिया है कि वह हमेशा राष्ट्र के लिए सम्मान और समर्पण के साथ सेवा के लिए तत्पर है।

000

प्रदेश में मॉनसून पूर्व की बारिश से लोगों को तेज गर्मी और लू से राहत मिली है। आज कई जिलों में हुई वर्षा और बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट दर्ज हुई। अधिकांश जिलों में आज अधिकतम तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 5 से 6 डिग्री तक कम है। अजमेर में दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव के बाद आई बारिश ने शहर को तर बतर कर दिया। पाली के सादड़ी, देसूरी और नारलाई में कहीं–कहीं तेज बारिश हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली।

.............

राजधानी जयपुर, दौसा और पूर्वी जिलों में भी दोपहर बाद मौसम सुहावना हो गया और कई इलाकों में अच्छी बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में कल भी मेघगर्जन, आकाशीय बिजली चमकने और आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। विभाग ने उदयपुर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने का पूर्वानुमान भी व्यक्त किया है। वहीं 20 जून से बारिश का दौर और दायरा बढने की संभावना भी जताई गई है। विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिम राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों में वर्तमान में परिसंचरण तंत्र के सक्रिय रहने से प्रदेश के 21 जिलों में आंधी बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। आज इसमें सुनिये जयपुर के योग प्रशिक्षक राजेश कुमावत का संदेश।

000

प्रदेश के बी.एड. कॉलेजों में प्रवेश के लिए आज पीटीईटी परीक्षा आयोजित की गई। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा की ओर से सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक एक पारी में ये परीक्षा ली गई। परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने और नकल रोकने के लिए व्यापक इंतजाम किये गये। परीक्षार्थियों को बायोमैट्रिक जांच के बाद ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया गया। इसके लिए जिलेवार उड़न दस्तों ने भी परीक्षा केन्द्रों को चैक किया।

000

जैसलमेर में धरती आभा जातिय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आज से शुभारंभ हुआ। अभियान के तहत जिले के चयनित 28 गांवों में जनजातीय परिवारों के उत्थान और कल्याण के लिए शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम जेठवाई ग्राम पंचायत में आयोजित हुआ, जहां विधायक छोटू सिंह भाटी ने ग्रामीणों से संवाद किया।

000

महाराष्ट्र में पुणे के पास आज इन्द्रायणी नदी पर एक पुराना पुल ढह गया। दुर्घटना में 20 से अधिक पर्यटकों के नदी में डूबने की आशंका है। पुलिस के अनुसार रविवार की छुट्टी पर क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुंडमाला में अत्यधिक भीड़ के चलते ये हादसा हुआ। मावल क्षेत्र में पिछले दो दिनों से भारी बरसात हो रही है। इस कारण नदी में पानी की आवक भी बढी हुई है। उधर, उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के पास आज सुबह हुए हेलीकॉप्टर हादसे की जांच वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो को सौंपी गई है। इस दुर्घटना में सात लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं गुजरात के अहमदाबाद विमान हादसे में अब तक 32 मृतकों के डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है और 14 शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

000